





# पुलिस से मुठभेड़ के बाद दो बदमाश गिरफ्तार

## पुलिस पर फायरिंग की, जवाबी कार्यवाही में पैर में लगी गोली

संवाददाता, भोजीपुरा

**अमृत विचार :** पुलिस और बदमाशों के बीच सोमवार तड़के हुई मुठभेड़ में दो बदमाश पकड़े गए हैं। इस दौरान हुई गोलीबारी में शातिर बदमाश अफसर अली पैर में गोली लगने से घायल हो गया, जबकि एक सिपाही भी बाल-बाल बचा। पुलिस ने घायल बदमाश को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। पकड़े गए बदमाशों के पास से चोरी का सामान और अवैध असलहा बरामद हुआ है।



मुठभेड़ के दौरान पैर में गोली लगने से घायल बदमाश। • अमृत विचार

थाना भोजीपुरा पुलिस सोमवार तड़के करीब 2:45 बजे बसुधरन ढाल के पास गश्त पर थी। इसी दौरान दो संदिग्ध व्यक्ति कंधे पर बोरियां टांगे पैदल आते दिखे। पुलिस ने जब उन्हें रुकने का इशारा किया, तो बदमाशों ने खेतों की ओर भागते हुए पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग शुरू कर दी। इस गोलाबारी में एक गोली आरक्षी दीपक की बाजू को छूते हुए निकल गई, जिससे वे मामूली रूप से घायल हो गए।पुलिस ने आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग की, जिसमें मुख्य आरोपी अफसर अली पुत्र अली शेर निवासी बदायूं के पैर में गोली लगी और वह वहीं गिर पड़ा। उसका साथी हसनैन उर्फ साहिल निवासी शाहजहांपुर खेतों में छिप गया था, जिसे पुलिस ने घेराबंदी कर दबोच लिया। घायल अफसर अली को पुलिसकर्मी अपने कंधे पर लादकर इलाज के लिए ले गए,पकड़े गए बदमाशों के पास से पुलिस ने एक 315 बोर का तमंचा, दो जिंदा कारतूस, एक खोखा, एक गैस सिलेंडर, चूल्हा, 10 स्टील की थाली और 2200 रुपये नकद बरामद किए हैं। ये दोनों आरोपी प्राथमिक विद्यालय दलपतपुर में हुई चोरी की घटना में भी शामिल थे।

गिरफ्तार किए गए दोनों बदमाश शातिर किस्म के अपराधी हैं। अफसर अली पर लूट, चोरी और आर्म्स एक्ट के करीब 17 मुकदमे दर्ज हैं, वहीं हसनैन उर्फ साहिल पर भी 14 आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस इन पर गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की तैयारी कर रही है।

# पुलिस ने पांच स्मैक तस्करों को भेजा जेल

संवाददाता, मीरगंज



कार और स्मैक के साथ गिरफ्तार तस्कर

**अमृत विचार:** शाही थाना क्षेत्र में पुलिस ने गश्त के दौरान चार स्मैक तस्करों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से एक किलो 113 ग्राम स्मैक, नकदी और अन्य सामान बरामद हुआ है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब दो करोड़ रुपये बताई जा रही है।

रविवार रात तुरसा पट्टी तिराहे के पास गश्त के दौरान पुलिस ने एक संदिग्ध कार को रुकने का इशारा किया लेकिन कार नहीं रोकी गई। पुलिस ने घेराबंदी कर कार को रोक लिया। वाहन में सवार चारों आरोपियों को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक किलो 113 ग्राम स्मैक, करीब डेढ़ लाख रुपये नकद, रुपये गिनने की मशीन, तीन किलो बेंटोनाइट पाउडर, पांच मोबाइल फोन, एक कार बरामद की। पूछताछ में आरोपी ने स्मैक में बेंटोनाइट पाउडर मिलाकर पुड़िया बनाकर बेचने की बात स्वीकार की। आरोपियों की पहचान शराफत, नाशिर, शान खां और मुनासिफ के रूप में हुई है। सभी को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से जेल भेज दिया गया। गिरफ्तार करने वाली टीम में थानाध्यक्ष

• दो करोड़ की बताई जा रही बरामद स्मैक

देवेंद्र सिंह, सतीश कुमार, माजिद खान,आसिफ आदि रहे।

एसआई सूरज पाल सिंह की टीम ने 362 ग्राम स्मैक और 668 ग्राम पाउडर के एक तस्कर को गिरफ्तार किया। टीम ने गश्त के दौरान तस्कर को पकड़ा। पूछताछ में उसकी पहचान मेहताब पुत्र नवाब,ग्राम मोहनपुर, थाना फरीदपुर के रूप में हुई।उसने बताया कि शौक पूरे करने को उसने ये पेशा चुना। वह ट्रक ड्राइवरों से स्मैक खरीद लेता है और जरूरत के हिसाब से उसे बेंच देता है।ये काम वह कुछ सालों से कर रहा है।स्मैक में वह पाउडर मिला देता है।जिससे स्मैक की मात्रा बढ़ जाती है और अधिक रुपयों में बिकती है।

# हल्की बारिश से ही 20 घंटे ठप रही आपूर्ति

**अलीगंज, अमृत विचार ।** रविवार रात हुई हल्की बूंदाबांदी के बाद क्षेत्र की विद्युत व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई।

विशारतगंज देहात और पिपरिया फीडर से जुड़े दर्जनों गांवों की बिजली सोमवार शाम तक गुल रही।बिजली न होने के कारण ग्रामीण क्षेत्रों में चल रहे आटा चक्की, तेल स्पेलर और आरा मशीन जैसे लघु उद्योग पूरी तरह बंद रहे, जिससे कारोबारियों को आर्थिक चपत लगी।

उपभोक्ताओं का आरोप है कि बिजली घर पर तैनात अवर अभियंता नीरज कुमार ने सोमवार को भी उपभोक्ताओं के फोन रिसीव नहीं किए, एसडीओ रमेश कुमार ने बताया कि लाइन में शटडाउन होने के कारण आपूर्ति बाधित रही।

# घर से लाखों के जेवर पार, मारपीट का आरोप

संवाददाता, नवाबगंज

**अमृत विचारः** थाना नवाबगंज क्षेत्र के ग्राम टांडा सादात की एक महिला ने गांव के ही युवक शफीक पुत्र इस्माईल पर घर में घुसकर सोने-चांदी के जेवर चोरी करने का आरोप लगाया है। पीड़िता का कहना है कि आरोपी का उनके घर पर पहले से आना-जाना था और उसने मौके का फायदा उठाकर वारदात को अंजाम दिया।

पीड़िता के अनुसार, 19 अप्रैल की दोपहर वह छत पर कपड़े लेने गई थी, जबकि उसका पति बीमारी के चलते कमरे में ही था। इसी दौरान आरोपी कमरे में घुसा और जेवरात रखे डिब्बे से सामान निकालकर फरार हो गया। पीड़िता ने उसे घर से निकलते हुए भी देखा था। शाम को जब उसने जेवर चेक किए तो वे गायब मिले।

पीड़िता का आरोप है कि जब उसने आरोपी से जेवर वापस मांगे तो उसने देने से इनकार कर दिया और गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर वह मारपीट पर उतारू हो गया। महिला ने मामले की तहरीर थाना नवाबगंज में दी, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई।




## सिरौली में दुकान में घुसकर मारपीट

सिरौली ,अमृत विचार : पीड़ित विशाल शर्मा पुत्र अशोक शर्मा निवासी ग्राम शिवपुरी ने बताया कि वह शाम के समय अपनी दुकान पर मौजूद था।इसी दौरान प्रेम शंकर पुत्र हल्द्वारी निवासी आजाद नगर (झाला) उसकी दुकान में घुस आया और गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी।










# पारिवारिक कलह से तंग दिव्यांग ने की आत्महत्या

**बिशारतगंज अमृत विचारः** संदिग्ध परिस्थितियों में युवक ने फांसी के फंदे पर झूल कर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। क्षेत्र के गांव अखा निवासी हरिचंद कश्यप ने बताया कि वह अपने परिवार के साथ हिमाचल प्रदेश के कालेआम में रहकर मजदूरी करते हैं। उनका पुत्र राहुल( 25) विकलांग था पिछले 10 दिन पूर्व गांव आया था। उसकी पत्नी मायके गई हुई थी। घर पर अकेला था। रात में ही किसी समय राहुल ने छत की कड़ी में साड़ी से फंदा लगा लिया। राहुल ने पत्नी की बीमारी में मजदूरी करके बहुत रुपया लगाया था जिस कारण वह मानसिक तनाव में आ गया था । इसी वजह से उसने यह कदम उठा लिया। रविवार की सुबह पड़ोसियों ने घर जाकर देखा तो वह फंदे पर झूल रहा था। सोमवार को शव का अंतिम संस्कार किया गया।



मृतक राहुल ।

# घायल युवक की मौत


**फतेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार :** बीती रात फतेहगंज शाही रोड पर अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की इलाज के दौरान सोमवार को मौत हो गई। जबकि बाइक पर बैठा दूसरा साथी गंभीर घायल हो गया।पुलिस ने मृतक के शब को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

जानकारी के मुताबिक गांव ट्यूलिया निवासी हर प्रसाद गंगवार (37) अपनी सुसराल गांव कुरतरा में रहते थे।रविवार देर रात वह अपने गांव ट्यूलिया से बाइक के द्वारा गांव अगरास निवासी अपने मित्र छेदालाल के साथ गांव कुरतरा जा रहे थे।फतेहगंज शाही रोड पर भिटौरा बीएसएफ कैंपस के पास किसी अज्ञात वाहन ने बाइक में ज़ोरदार टक्कर मार दी।हादसे में दोनो गंभीर घायल हो गए।सूचना पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस से दोनो को बरेली अस्पताल भेज दिया। जहां सोमवार दोपहर को इलाज के दौरान हरप्रसाद गंगवार की मौत हो गयी।जबकि बाइक पर पीछे बैठे छेदा लाल की हालत गंभीर बनी हुई है।




## पूर्व बार अध्यक्ष रविन्द्र पाल का निधन

**नवाबगंज, अमृत विचारः**एडवोकेट प्रैक्टिशनर्स एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष और वरिष्ठ अधिवक्ता रविंद्र पाल सिंह का सोमवार को निधन हो गया। वे 68 वर्ष के थे और पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। बताया जाता है कि सोमवार को अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई,उन्हें बरेली रेफर किया गया, जहां उपचार के दौरान उन्होंने अंतिम सांस ली। दोपहर बाद उनका अंतिम संस्कार कस्बे की श्मशान भूमि में किया गया, शोक व्यक्त करने वालों में सांसद छत्रपाल गंगवार, विधायक डॉ. एमपी आर्य, डॉ. आशुतोष गंगवार, रविशंकर गंगवार,नीरेंद्र सिंह राठौर, नंद किशोर, तेजपाल गंगवार, आदि शामिल रहे।






अमृत विचार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
9756905552, 8445507002

**बेदखली/सम्बन्ध विच्छेद**

हमने अपने पुत्र प्रेम प्रकाश व पुत्रवधू सुनीता पत्नी प्रेम प्रकाश को गलत चाल चलन व अभद्र व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति व अपने परिवार से बेदखल कर सम्बन्ध बिच्छेद कर लिए हैं। भविष्य में उनके द्वारा किए गए किसी भी प्रकार के कृत्यों, लेनदेन व मुकदमेबाजी आदि के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। हमारे परिवार के किसी सदस्य उपरोक्त के किसी कृत्य के लिए किसी प्रकार से जिम्मेदार नहीं होंगे। धनीराम पुत्र कोमल प्रसाद व तारावती पत्नी प्रेम प्रकाश निवासी ग्राम जवाहरपुर थाना व तहसील बहेड़ी, जिला बरेली।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हमने अपने पुत्र अनिल कुमार व पुत्रवधु रीता देवी पत्नी अनिल कुमार व अनिल कुमार के पुत्र शिवा उर्फ शिब्बू को गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। हमारा उनसे कोई वास्ता नहीं होगा। **रूपराम पुत्र स्व. श्री मिठ्ठन लाल एवं श्रीमती वर्फी देवी पत्नी श्री रूपराम निवासीगण ग्राम सैदपुर खजुरिया थाना कैन्ट तहसील व जिला बरेली।**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हमने अपने पुत्र मनीष कुमार को गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। हमारा उससे कोई वास्ता नहीं होगा। **रूपराम पुत्र स्व. श्री मिठ्ठन लाल एवं श्रीमती वर्फी देवी पत्नी श्री रूपराम निवासीगण ग्राम सैदपुर खजुरिया थाना कैन्ट तहसील व जिला बरेली।**

**सूचना**

मैंने अपने पुत्र राहत खान पुत्र संजर हुसैन खान फ्लैट नम्बर -03, वार्ड नम्बर -06 महरौली, नई दिल्ली को अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में अब मेरा उससे कोई वास्ता नहीं है। **संजर हुसैन खान पुत्र स्व. कैसर हुसैन खान निवासी फ्लैट नम्बर-02, फर्स्ट फ्लोर क्रिस्टल अपार्टमेंट, वार्ड नम्बर -08, ब्लॉक A, महरौली, जिला साउथ दिल्ली, देहली**

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

# कागजों की मजबूत जमीन पर एक साल भी नहीं टिका ओवरहेड टैंक

## जल जीवन मिशन में भ्रष्टाचार का खेल उजागर, विकास का ढांचा मलबे में बदला, सरकार सख्त, डीएम ने रात में अस्पताल जाकर घायलों का हाल जाना

संवाददाता, भमौरा

**अमृत विचार :** आलमपुर जाफराबाद ब्लॉक की ग्राम पंचायत सरदार नगर में करोड़ों रुपये की लागत से बना ओवरहेड टैंक महज एक साल के भीतर ढह गया। इस हादसे ने विकास कार्यों में भ्रष्टाचार की परतें खोल दीं। सोमवार शाम करीब 5:45 बजे टैंक के भरभराकर गिरने से पास में ताश खेल रहे पांच ग्रामीण गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की गूंज लखनऊ तक पहुंची तो सरकार ने भी सख्त रुख अपनाते हुए संबंधित इंजीनियरों की सेवाएं समाप्त कर दीं। अधिशासी अभियंता को नोटिस जारी किया गया है, जबकि एई और जेई से भी जवाब तलब किया गया है।

ग्रामीणों के मुताबिक जल जीवन मिशन के तहत करीब 3 करोड़ 62 लाख रुपये की लागत से बने इस टैंक के निर्माण में शुरू से ही अनियमितताएं बरती जा रही थीं। आरोप है कि मानकों की अनदेखी कर घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया गया और शिकायतों के बावजूद जिम्मेदार अधिकारी चुप्पी साधे रहे। रविवार को हुई बारिश के बाद टैंक के पिलर कमजोर होकर जमीन में धंस गए, जिससे सोमवार को पूरा ढांचा ढह गया।

हादसे में डोरी लाल, अर्जुन, वीरपाल, रविंद्र और नन्कू उर्फ वेदपाल गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन मौके पर पहुंचा और घायलों को अस्पताल भिजवाया गया। जेसीबी से मलबा हटाया गया, लेकिन इस घटना ने निर्माण की गुणवत्ता और निगरानी व्यवस्था पर बड़े सवाल खड़े कर दिए हैं।

- जल जीवन मिशन की गुणवत्ता पर सवाल, सरकार सख्त

ग्राम प्रधान पति सरताज ने आरोप लगाया कि निर्माण कार्य हैदराबाद की कंपनी एनसीसी कंस्ट्रक्शन द्वारा किया गया था। कई बार शिकायतों के बावजूद न तो ठेकेदार ने ध्यान दिया और न ही अधिकारियों ने कार्रवाई की। ग्रामीण संजीव पाठक का कहना है कि पूरे प्रोजेक्ट में भ्रष्टाचार साफ दिख रहा था, लेकिन जांच केवल कागजों तक सीमित रही।

मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन भी हरकत में आ गया है। डीएम अविनाश सिंह ने रात में अस्पताल पहुंचकर घायलों का हालचाल जाना और हर संभव मदद का भरोसा दिया। इसके बाद वे रात में ही गांव पहुंचे और ग्रामीणों से बातचीत कर स्थिति का जायजा लिया। जलजीवन मिशन की अधिशासी अभियंता कुमकुम गंगवार रात में थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई। ग्रामीणों ने इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच, ठेकेदार के खिलाफ सख्त कार्रवाई तथा घायलों को उचित मुआवजा देने की मांग की है।



सरदारनगर ग्राम पंचायत में करोड़ों की लागत से बने ओवरहेड टैंक के गिरकर मलबे में तब्दील होने के बाद ग्रामीण और पुलिस कर्मी मौके पर पहुंचे । • अमृत विचार

### आज लखनऊ की टीम करेगी ओवरहेड टैंक ढहने की जांच

**बरेली, अमृत विचार।** आंवला तहसील की सरदार नगर ग्राम पंचायत में सोमवार शाम भरभराकर गिरे ओवरहेड टैंक के मामले को प्रशासन ने गंभीरता से लिया है। जिलाधिकारी ने प्रकरण का संज्ञान लेते हुए जल निगम की एक्सईएन कुमकुम गंगवार से टंकी निर्माण से संबंधित विस्तृत जानकारी तलब की है। वहीं, एक्सईएन ने बताया कि पूरे मामले की तकनीकी जांच के लिए मंगलवार को लखनऊ से एक विशेष टीम मौके पर आएगी। यह टीम पिलर धंसने और निर्माण की गुणवत्ता की गहनता से जांच करेगी ताकि हादसे के असली कारणों का पता लगाया जा सके। एक साल में ओवरहेड टैंक गिरने का पहला मामला बताया जा रहा।



बरेली में निजी अस्पताल में भर्ती घायलों से हाल जानते डीएम अविनाश सिंह।



घटना के बाद मौके पर पहुंचे सीओ ने अपनी टीम के साथ पड़ताल की। • अमृत विचार

## न्यूज ब्रीफ

### दुकान में चोरी करता युवक पकड़ा

**देवरनियां, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र में चोरी की एक घटना को अंजाम दे रहे एक युवक को दुकानदारों ने पकड़ लिया। आरोपी गल्ले से नकदी चुराकर भाग रहा था। तभी लोगों ने उसे दौड़ाकर पकड़ा और पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। पकड़े गए युवक ने पूछताछ में अपना नाम इरफान पुत्र नन्हे बताया, जो ग्राम डोहरिया पड्डोरा, थाना भोजीपुरा, का निवासी है। लोगों ने उसे उसकी मोटरसाइकिल सहित पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने चरण सिंह की तहरीर के आधार पर आरोपी युवा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। चरण सिंह की पेस्टीसाइड की दुकान में गया। चरण सिंह कुछ देर के लिए पड़ोस की दुकान में गये तो युवक ने गल्ले से पांच हजार रुपये निकालकर भागा। तभी दौड़ाकर पकड़ लिया गया।

### टूर्नामेंट में विधायक ने खिलाड़ियों को किया सम्मानित

**भोजीपुरा, अमृत विचार :** धौराटांडा में 1 मई से चल रहे दस दिवसीय फेम नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट के तीसरे दिन क्षेत्रीय विधायक शहज़िल इस्लाम अंसारी ने क्रिकेट प्रेमियों एवं खिलाड़ियों से मुलाकात की। अन्ना क्रिकेट क्लब की टीम के जीतने पर मैन ऑफ द मैच रहे मोहम्मद तबरेज को शील्ड देकर सम्मानित किया। नगर पंचायत देवरनिया के पूर्व चेयरमैन हाफिज इकराम खान, इफ्तिखार अहमद, तफसीर अहमद, मेराज अंसारी, नदीम रब्बानी, सभासद मोहम्मद नजम, सभासद मोहम्मद नासिर, मोहम्मद शाकिर रजवी तंजीर आलम, रेहान रजवीआदि रहे।

# चार मई, दीदी गई के लगाए नारे

संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** पश्चिम बंगाल और असम विधानसभा चुनावों में भाजपा की सफलता के बाद तहसील, कस्बों में भाजपा कार्यकर्ताओं ने खुशी मनाई। आतिशबाजी छोड़ी।मिठाई बांटी। जुलूस निकाला और चार मई दीदी गई के नारे लगाकर खुशी का इजहार किया।

**मीरगंज** तहसील क्षेत्र में कस्बे में ब्लॉक प्रमुख कार्यालय पर कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाया। कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाई और भारत माता की जय के नारे लगाए। कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख गोपाल कृष्ण गंगवार, सोमपाल शर्मा, होरीलाल गंगवार, रमेश कुर्मी, नरेंद्र गंगवार आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे। ग्राम संजरपुर एवं हुरहुरी में विधायक डा. डीसी वर्मा ने मिठाई बांटकर खुशी का इजहार किया। इस अवसर पर प्रधान संघ अध्यक्ष सोनू कुर्मी, के.पी गंगवार, रवि कुर्मी, संतोष शर्मा, तेजपाल फौजी, मनोज गंगवार, आदि रहे।

तहसील स्थित पराग डेरी पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी छोड़कर मिठाई खिलाई। इस दौरान ओमपाल गंगवार, सुधीर शर्मा, अमरनाथ गुप्ता, प्रदीप पांडेय आदि रहे।

**आंवला में बाइक रैली निकालकर खुशी मनाई**

**आंवला** में जीत की खुशी में कार्यकर्ताओं ने बाइक रैली निकाली। रैली विद्या मंदिर से जो नगर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी। कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाई। आतिशबाजी कर जश्न मनाया। रैली में शामिल लोगों ने 4 मई ममता दीदी गई जैसे नारे लगाए। अनमोल गुप्ता, प्रभाकर शर्मा, मनोज मौर्य, सुनील श्रीवास्तव, सूरजभान सेठ , संजय अग्रवाल उर्फ बौबी , उषा सतीजा ,आदि मौजूद रहे।



मीरगंज में भाजपा कार्यकर्ताओं ने जुलूस निकाला। • अमृत विचार

**रिठौरा में आतिशबाजी के साथ मना जीत का उत्सव**

रिठौरा में कार्यकर्ताओं ने मुख्य चौराहे पर इकट्ठा होकर जश्न मनाया। भाजपा नेता अमित कुमार गुप्ता के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने जमकर आतिशबाजी की और मिठाई बांटकर एक-दूसरे को बधाई दी। जश्न में सभासद अनिल कुमार गुप्ता, मनोज कश्यप, ओमप्रकाश , सूर्य प्रकाश शर्मा,अमित गुप्ता, गौतम शंखधार प्रमुख रूप से शामिल रहे।

**फतेहगंज पूर्वी**,में भी भाजपा कार्यकर्ताओं ने मिठाई खिलाकर खुशी मनाई। इस दौरान पूर्व चेयरमैन शोभना अग्रवाल, पवन राज मिश्रा, डा. यशपाल सिंह रामू, प्रशांत मिश्रा उर्फ चिक्की, अरुण मिश्रा, आदि लोग थे ।

**शीशगढ़ में होली दिवाली मनाई**

**शीशगढ़** में बस स्टैंड पर कार्यकर्ताओं ने पटाखे छोड़कर आतिशबाजी की और एक-दूसरे को मिठाई खिलाई। समर्थकों ने रंग-गुलाल उड़ाकर होली और दिवाली एक साथ मनाई। इस दौरान वसीम अकरम, शिव कुमार ठाकुर, सभासद हिमांशु गुप्ता, लक्ष्मी देवल, लालता प्रसाद राठौर सहित कई भाजपा कार्यकर्ता शामिल थे। उन्होंने 4 मई, दीदी गई' के नारे लगाए।

**बहेड़ी** प्रचंड बहुमत से बीजेपी की सरकार बनने पर जिला मंत्री ललित कुमार शर्मा एडवोकेट ने अधिवक्ताओं को मिठाई खिलाकर खुशी मनाई। इस अवसर पर बार अध्यक्ष रामेन्द्र सिंह राठी, महासचिव दीप चंद पांडे कोषाध्यक्ष रविंद्र कुमार गंगवार, मनोज कुमार जौहरी कृष्णा अवतार शर्मा, सुनील रस्तोगी, जसवीर चौहान, गजेंद्र पाल, लाल सिंह, हरीश गंगवार, देवेंन्द्र पटेल, आदि मौजूद रहे।

**फरीदपुर** में एमएलसी कुंवर महाराज सिंह के आवास पर मिठाई बांटकर व आतिशबाजी कर खुशी मनाई गई। इस अवसर प्रतुल अग्रवाल, धर्मेंद्र तोमर, सोमदत्तपाल राजेश गुप्ता विनोद राठौड़ अनूप मिश्रा शैलेश सिंह वैभव गुप्ता देवेंद्र सिंह अंशुल गुप्ता अर्चना सिंह सुभाष्टनी जायसवाल आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे । ओमवीर गुर्जर संजय चौहान सोमदत्त पाल, बार एसोसिएशन अध्यक्ष अतुल शुक्ला ब्रह्मेंद्र मिश्रा चंदन शुक्ला साहूकारा चौराहे और विधायक कार्यालय पर आतिशबाजी की।

### बिशारतगंज में निकाला जुलूस

बिशारतगंज में भाजपा कार्यकर्ताओं ने उत्साह से ढोल नगाड़ों के साथ प्रमुख मार्गो से जुलूस निकाला। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष नानक राम सागर, कुलदीप मौर्य, राधे श्याम साहू, पूरनलाल,डॉक्टर संजय विश्वास, रामरतन साहू, अखलेश सिंह, निर्मल दास साहू बालगोविंद गोस्वामी,शिवकुमार रहे।



### सेंथल में मना जश्न

**सेंथल**,में भाजपा की प्रचंड जीतपर कार्यकर्ताओं ने जमकर जश्न मनाया। इस दौरान किसान मोर्चा के जिला महामंत्री नितिश उपाध्याय , विनय चौधरी सहित तमाम लोग शामिल रहे। मोहल्ला गड़ी स्थित भाजपा कार्यालय पर सलीम हैदर गुड्डू द्वारा मिष्ठान वितरण कर जश्न मनाया गया। इस दौरान हरपाल मौर्य, मुकेश शर्मा, असगर अली सिद्दिकी, हसन मियां, मोहद्दस मेहंदी, अजीत सागर, करन सागर, अर्जुन सिंह आदि मौजूद रहे।

### मल्लहपुर में प्राथमिक विद्यालय खुलने पर खुशी

**नवाबगंज, अमृत विचार :** ग्राम मल्लहपुर में बंद पड़ा प्राथमिक विद्यालय दोबारा खुलने पर ग्रामीणों में खुशी का माहौल है। स्कूल खुलने के बाद गांव में जश्न मनाया गया और पैनी नजर संस्था की अध्यक्ष एडवोकेट सुनीता गंगवार का ग्रामीणों ने स्वागत कर आभार व्यक्त किया। ग्रामीणों का कहना है कि विद्यालय खुलवाने के लिए वे पिछले जुलाई माह से लगातार प्रयास कर रहे थे, लेकिन जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों से मायूसी के बाद सुनीता गंगवार के प्रयासों से अंतत: स्कूल दोबारा संचालित हो सका। विद्यालय खुलने से ग्रामीणों ने कहा कि अब उनके बच्चों को गांव में ही शिक्षा का अवसर मिल सकेगा। इस अवसर पर सुनीता गंगवार ने कहा कि शिक्षा बच्चों का मौलिक अधिकार है और इसे बाधित करना कानूनन अपराध है।



### भात लेकर आए मेहमानों से छेड़छाड़

फरीदपुर अमृत विचार : शादी में भात लेकर आए मेहमानों से छेड़छाड़ करने का मामला कोतवाली पहुंचा। मामले मे तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। फरीदपुर थाना क्षेत्र के ग्राम खल्लपुर निवासी बृजेश ने तहरीर में बताया रविवार को उसकी बेटी की गांव में बारात आई थी जिसमे बदायूं के गांव उत्तने निवासी जयपाल और राजीव अपनी भांजी का भात लेकर घर की महिलाओं की भी साथ लेकर आए थे।



# ब्योधन बुजुर्ग में संक्रमण से एक व्यक्ति की मौत

संवाददाता, सिरौली

- मृतक के परिवार के कई लोग बुखार से पीड़ित,
- तीन वर्षीय बालक डायरिया बुखार के चलते बिसौली में भर्ती

**अमृत विचार :** ब्लॉक रामनगर का गाँव ब्योधन बुजुर्ग इस समय लोग दहशत में है। गाँव में फैले संक्रमण ने एक हँसते-खेलते परिवार को उजाड़ दिया है। गाँव में संक्रमण की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई है। जबकि दर्जनों ग्रामीण जिंदगी और मौत के बीच जंग लड़ रहे हैं।


मृतक अंजूपाल

गाँव के निवासी अजूंपाल (45) को बीते 28 अप्रैल से अचानक उल्टी और दस्त की शिकायत हुई थी। परिजनों ने बदहवासी में झोलाछाप से संपर्क किया, लेकिन मर्ज बढ़ता ही गया। सही इलाज न मिल पाने के कारण रविवार को अजूंपाल की हालत बेहद बिगड़ गई और उन्होंने दम तोड़ दिया। अजूंपाल की मौत के बाद परिवार में कोहराम मचा है,

मृतक की पत्नी और उसकी तीन बेटियों की हालत भी नाजुक बनी है। बेटी रजनी तेज बुखार से तप रही है और उसे ड्रिप चढ़ाई जा रही है। यही हाल मृतक के भाई सुरेंद्र के परिवार का है। सुरेंद्र की पत्नी तारावती, राजेश्वरी, कविता और छात्र भोज टाइफाइड व मलेरिया की चपेट में हैं। तीन वर्षीय विवर्त मौर्य को डायरिया और बुखार के चलते बिसौली में भर्ती कराया गया है। ग्रामीण पप्पू के चारों बच्चे बुखार से तप रहे हैं। प्रीति दिवाकर और संगीता भी संक्रमण का शिकार हैं।

पीएचसी प्रभारी सुनील कुमार ने बताया कि उन्हें गांव में बीमारी फैलने की सूचना मिली है। उन्होंने आश्वासन दिया है कि मंगलवार को स्वास्थ्य विभाग की एक विशेष टीम गांव भेजी जाएगी, जो कैंप लगाकर मरीजों की जाँच करेगी और दवाइयां वितरित करेगी।

# आंवला रेलवे स्टेशन बारिश से जलमग्न, यात्री रहे परेशान

संवाददाता, आंवला


आंवला स्टेशन पर जलभराव और बेंच पर खड़ा यात्री।

**अमृत विचार :** सोमवार सुबह हुई तेज हवाओं और मूसलाधार बारिश ने बरेली के आंवला रेलवे स्टेशन की व्यवस्थाओं को पूरी तरह से जलमग्न कर दिया। स्टेशन के प्लेटफॉर्म से लेकर रेलवे सुरक्षा बल की चौकी तक, हर जगह पानी भर जाने से यात्रियों और रेल कर्मियों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा।

बारिश के कारण प्लेटफॉर्म पर भारी जलभराव हो गया। ट्रेन से उतरने वाले यात्रियों को स्टेशन पर भरे गंदे पानी से होकर स्टेशन के बाहर निकलना पड़ा।

आंवला स्टेशन को केंद्र सरकार की अमृत भारत योजना के तहत विकसित किया जा रहा है। हालांकि, प्रत्यक्षदर्शियों का आरोप है कि निर्माण कार्य नियमों के ताक पर रखकर किया जा रहा है, जिसकी वजह से जल निकासी की व्यवस्था पूरी तरह ठप हो गई है। स्टेशन पर बनी रेलवे सुरक्षा बल की चौकी में भी पानी घुस गया, जिससे ड्यूटी पर तैनात जवानों को भी असुविधा का सामना करना पड़ा।

स्टेशन पर मौजूद यात्रियों ने प्रशासन के खिलाफ नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि अधूरा और लापरवाही से किया जा रहा निर्माण कार्य अब उनके लिए मुसीबत बन गया है। जलभराव और फिसलन के कारण कई लोग चोटिल भी हो रहे हैं। स्टेशन पर आए यात्री ने बताया कि "एक तरफ करोड़ों रुपये खर्च कर स्टेशन को आधुनिक बनाने का दावा किया जा रहा है, वहीं दूसरी तरफ बुनियादी सुविधाओं और ड्रेनेज सिस्टम का बुरा हाल है। प्रशासन इस गंभीर समस्या को नजरअंदाज कर रहा है।

# किसानों की जमीन पर सड़क का मामला गरमाया

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- 25 साल पहले स्वेच्छा से दी गई जमीन के बदले मुआवजे की मांग डीएम ने दिए जांच के निर्देश

**अमृत विचार :** नवाबगंज तहसील क्षेत्र में किसानों की जमीन पर बनी सड़क को लेकर एक बार फिर विवाद सामने आया है। करीब 25 वर्ष पहले गांव के किसानों ने सार्वजनिक आवागमन की सुविधा के लिए स्वेच्छा से अपनी जमीन सड़क निर्माण के लिए दी थी। अब किसान बेचेलाल, लालबहादुर, ताराचंद समेत करीब 15 किसान उस जमीन के बदले जमीन या उचित मुआवजे की मांग उठा रहे हैं।

मामला लगभग 500 मीटर लंबी सड़क से जुड़ा है। यह सड़क नदी के कटान से क्षतिग्रस्त हो गई थी, जिसके बाद इसके पुनर्निर्माण की प्रक्रिया शुरू हुई। इसी दौरान करीब 15 किसानों ने आपत्ति दर्ज कराते हुए कहा कि सड़क जिन 10 गाटों से होकर गुजर रही है, वह उनकी भूमि है और पहले दिए गए आश्वासन के अनुरूप अब तक उन्हें जमीन के बदले जमीन नहीं मिली। मामले में सोमवार को लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता भगत सिंह जिलाधिकारी से मिले। जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने कहा कि यह सड़क क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि नदी के कटान से मार्ग का हिस्सा नष्ट हो गया था। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसानों के साथ न्याय किया जाएगा और उन्हें उनका हक दिलाया जाएगा। डीएम ने नवाबगंज के अधिकारियों को पूरे प्रकरण को गंभीरता से लेकर आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए हैं।

# पत्नी और प्रेमी पर सुमित की हत्या की रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, बिथरी चैनपुर

**अमृत विचार :** बिथरी के रामगंगानागर में एक सप्ताह पहले फांसी लगाकर आत्महत्या करने वाले युवक की मौत में पत्नी के अवैध संबंधों का मामले सामने आया है।पुलिस ने मृतक की पत्नी और उसके प्रेमी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

मृतक सुमित सोनकर के चाचा ब्रजेन्द्र कुमार ने पुलिस से की शिकायत में बताया कि सुमित करीब छह माह पहले से रामगंगा नगर कॉलोनी में अपनी पत्नी के साथ रहकर मजदूरी करता था।उन्होंने बताया पत्नी के पड़ोस में रहने वाले एक युवक से अवैध संबंध हो गए थे।जब इसकी जानकारी सुमित को हुई तब उसने इसका विरोध किया था। पूरी बात सुमित ने अपने चाचा को बताई थी।24 अप्रैल को सुमित की पत्नी ने करीब डेढ़ बजे उसकी बहन को सुमित द्वारा फांसी लगाने की सूचना दी थी।जानकारी मिलने पर जब परिजन वहां पहुंचे तो उसका मृत शरीर चारपाई पर पड़ा हुआ था।जिसपर उन्होंने पत्नी से पूछा तो उसने साढ़े 12 बजे की घटना बताई।तुरंत पुलिस को सूचना न दिए जाने और फांसी लगने के बाद शव चारपाई कर कैसे आया समेत कई कई सबाल पूछे तो उसने सीधे जबाब नही दे पाई ।

परिजनों का आरोप है कि सुमित की पत्नी ने ही अपने प्रेमी के साथ षड्यंत्र रचकर सुमित की हत्या की है।पुलिस ने दोनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।एस ओ राजेश बाबू मिश्रा ने बताया मामले की जाँच की जा रही है।

# मृतक बच्चों के परिजनों को आर्थिक मदद देने की मांग

**बरेली/मीरगंज, अमृत विचार:** मीरगंज तहसील के ग्राम तिलमास में रविवार दोपहर तालाब में डूबने से तीन बच्चों की मौत पर सपा के जिलाध्यक्ष शुभलेश यादव और महानगर अध्यक्ष शमीम खां सुल्तानी ने गहरा शोक व्यक्त किया। सोमवार को पीड़ित परिवारों से मिलने पहुंचे जिलाध्यक्ष ने घटना को पूरे समाज को झकझोर देने वाला बताया। उन्होंने शासन-प्रशासन से प्रत्येक पीड़ित परिवार को पांच-पांच लाख रुपये की तत्काल आर्थिक सहायता देने और तालाबों पर सुरक्षा के इंतजाम करने की मांग की। सुरेश गंगवार, मनोहर पटेल, भद्रसेन गंगवार, राजेश मौर्य, जोगेंद्र पटेल, नाजिम कुरेशी, नरेंद्र यादव, भानु प्रताप सिंह रहे।

## नवविवाहिता को ले जाने का आरोप

**नवाबगंज अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के एक गांव में मायके आई नवविवाहिता को गांव के ही एक युवक द्वारा बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप है। पीड़िता की मां ने युवक, उसके भाई और चाचा पर आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। एक माह पूर्व युवती का विवाह हुआ था वह पहली बार मायके आई थी। रविवार शाम उसकी मां खेत पर घास काटने गई थी ।इसी दौरान गांव का युवक अपने परिजनों की मदद से उसे बाइक पर बैठाकर ले गया।


## कार्यालय ग्रा.पं. अभयपुर महमूदपुर विकास खण्ड दमखोदा बरेली

पत्रांक : 011/ग्रा.पं. वर्ष 2026-27 दिनांक : 30.04.2026

**निविदा सूचना**

समस्त पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मो को सूचित किया जाता है कि वर्ष 2026-27 में 15/16वें वित्त एवं राज्य वित्त व मनरेगा एवं श्री जी राम जी योजना अन्तर्गत कराये जाने हेतु सामग्री क्रय हेतु ईट, रोड़ी, सीमेन्ट, बजरी, बजरफुट, देशी रेत, सरिया, इन्टरलॉकिंग ग्राम पं. में निविदा आमंत्रित है जो दिनांक 02.05.2026 को 5 बजे तक जमा की जायेंगी जोकि दिनांक 05.05.2026 को 3 बजे खोली जायेगी। कार्य विवरण निम्नवत् है :-

| क्र.सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | योजना |
|---|---|---|---|
| 1. | टहा में किशन लाल के मकान से लालू के खोका तक सीसी नाली निर्माण | 4 लाख | मनरेगा |

कुसमा - प्रधान हरेन्द्र सिंह मतौलिया-सचिव

## कार्यालय ग्राम पंचायत कुआडांडा कासिमपुर ब्लॉक सालारपुर बदायूं

**निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत कुआडांडा कासिमपुर में केन्द्रवित्त/राज्यवित्त/योजनान्तर्गत निर्माण कार्य हेतु सामग्री आपूर्ति (बजरी, बदरफुट, सीमेण्ट, सरिया, अन्य सामग्री) हेतु निविदा आंमत्रित की जाती है। इच्छुक फर्म दिनांक 08.05.2026 तक दिन में 12:00 बजे तक सील बन्द लिफाफे में आवेदन (जी.एस.टी. रजिस्टर्ड) ग्राम पंचायत कार्यालय में कार्यदिवस में जमा कर सकता है। आवेदन शील बन्द 10.05.2026 को ग्राम पंचायत के सदस्यों की उपस्थिति में खोला जायेगा। निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित रहेगा।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | लम्बाई चौड़ाई | अनुमानित लागत |
|---|---|---|---|
| 1. | ग्राम पंचायत में कुआं का सौन्दर्यकरण कार्य। | 1 | 198200/- |
| 2. | ग्राम पंचायत में मनोज के घर से छुट्टन के घर तक सी.सी.,नाली निर्माण कार्य | 1 | 450000/- |
| 3. | शिव कुमार के घर से छुट्टन के घर तक सी.सी. नाली निर्माण कार्य | 1 | 500000/- |

ग्राम प्रधान-नेत्रपाल सचिव-सुधीर कुमार सिंह

## कार्यालय ग्राम पंचायत हसनपुर ब्लॉक सालारपुर बदायूं

**निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत हसनपुर में केन्द्रवित्त/राज्यवित्त/योजनान्तर्गत निर्माण कार्य हेतु सामग्री आपूर्ति (बजरी, बदरफुट, सीमेण्ट, सरिया, अन्य सामग्री) हेतु निविदा आंमत्रित की जाती है। इच्छुक फर्म दिनांक 08.05.2026 तक दिन में 12:00 बजे तक सील बन्द लिफाफे में आवेदन (जी.एस.टी. रजिस्टर्ड) ग्राम पंचायत कार्यालय में कार्यदिवस में जमा कर सकता है। आवेदन शील बन्द 10.05.2026 को ग्राम पंचायत के सदस्यों की उपस्थिति में खोला जायेगा। निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित रहेगा।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | लम्बाई चौड़ाई | अनुमानित लागत |
|---|---|---|---|
| 1. | अम्बेडकर पार्क में इण्टरलॉकिंग कार्य। | 1 | 400000/- |
| 2. | फिरासत के घर से जितेन्द्र के घर तक सी.सी. नाली निर्माण कार्य | 1 | 450000/- |
| 3. | जाटव तालाब के पास रेनवाटर हार्वेस्टिंग कार्य। | 1 | 150000/- |

ग्राम प्रधान-शिवकुमार सचिव-सुधीर कुमार सिंह

## कार्यालय ग्राम पंचायत कुंवरगांव देहात ब्लॉक सालारपुर बदायूं

**निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत कुंवरगांव देहात में केन्द्रवित्त/राज्यवित्त/योजनान्तर्गत निर्माण कार्य हेतु सामग्री आपूर्ति (बजरी, बदरफुट, सीमेण्ट, सरिया, अन्य सामग्री) हेतु निविदा आंमत्रित की जाती है। इच्छुक फर्म दिनांक 08.05.2026 तक दिन में 12:00 बजे तक सील बन्द लिफाफे में आवेदन (जी.एस.टी. रजिस्टर्ड) ग्राम पंचायत कार्यालय में कार्यदिवस में जमा कर सकता है। आवेदन शील बन्द 10.05.2026 को ग्राम पंचायत के सदस्यों की उपस्थिति में खोला जायेगा। निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित रहेगा।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | लम्बाई चौड़ाई | अनुमानित लागत |
|---|---|---|---|
| 1. | पक्की सड़क से किशोरीलाल के घर तक नाला निर्माण कार्य | 1 | 500000/- |
| 2. | नन्दगांव में सरकारी नल से शेर सिंह के घर तक खडण्जा निर्माण कार्य | 1 | 400000/- |
| 3. | नत्थूलाल के घर से ओमवीर के घर तक खडण्जा निर्माण कार्य | 1 | 400000/- |
| 4. | रामचन्द्र के घर से नत्थू के घर तक सी.सी. नाली निर्माण कार्य | 1 | 400000/- |

ग्राम प्रधान-रामेश्वर सचिव-सुधीर कुमार सिंह

## कार्यालय ग्राम पंचायत बल्लिया ब्लॉक सालारपुर बदायूं

**निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत बल्लिया में केन्द्रवित्त/राज्यवित्त/योजनान्तर्गत निर्माण कार्य हेतु सामग्री आपूर्ति (बजरी, बदरफुट, सीमेण्ट, सरिया, अन्य सामग्री) हेतु निविदा आंमत्रित की जाती है। इच्छुक फर्म दिनांक 08.05.2026 तक दिन में 12:00 बजे तक सील बन्द लिफाफे में आवेदन (जी.एस.टी. रजिस्टर्ड) ग्राम पंचायत कार्यालय में कार्यदिवस में जमा कर सकता है। आवेदन शील बन्द 10.05.2026 को ग्राम पंचायत के सदस्यों की उपस्थिति में खोला जायेगा। निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित रहेगा।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | लम्बाई चौड़ाई | अनुमानित लागत |
|---|---|---|---|
| 1. | रामचन्द्र के घर से अतर सिंह के घर तक सी.सी. नाली निर्माण कार्य | 1 | 450000/- |
| 2. | सत्यवीर के घर से सुरेश जाटव के घर तक सी.सी. नाली निर्माण कार्य | 1 | 400000/- |

ग्राम प्रधान-हरदेवी सचिव-सुधीर कुमार सिंह

## कार्यालय नगर पालिका परिषद, गोला गोकर्णनाथ, जनपद-खीरी

पत्रांक : 54/ई-टेन्डर न.पा.प. गोला/2026-27 दिनांक : 28.04.2026

**ई-निविदा सूचना**

वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु अमृत 2.0 के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि के अन्तर्गत निम्नानुसार कार्य हेतु स्वायत्त निकाय/पब्लिक सेक्टर विभाग/राज्य सरकार/ केन्द्र सरकार/अन्य सरकारी विभाग में निर्धारित श्रेणी में कार्य की लागत के सीमा के अनुरूप पंजीकृत निविदादाताओं से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर के आधार पर नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा की समस्त शर्ते वेबसाईट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध रहेगी। किसी कारण वश अवकाश होने पर निविदा तिथि अगला कार्य दिवस मानी जायेगी।

| | |
|---|---|
| ई-निविदा खरीदने की तिथि व समय | 28.04.2026 समय 11:00 बजे से |
| ई-निविदा डालने की अन्तिम तिथि व समय | 10.05.2026 समय 02:00 बजे तक |
| ई-निविदा डाउनलोड करने की तिथि व समय | 28.04.2026 समय 11:00 बजे से 10.05.2026 समय 02:00 बजे तक |
| ई-निविदा खोलने की तिथि व समय | 12.06.2026 समय 03:00 बजे |
| फाइनेन्सियल बिड खुलने की तिथि | तकनीकी बिड स्वीकृत होने स्वीकृत होने के उपरान्त |

नोट : 1. निविदा आमंत्रणकर्ता को आई.टी.बी. के क्लाज-9 के अनुसार परिशिष्ट/शुद्धि पत्र जारी करने का अधिकार है। जो किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जायेगा। सभी सम्भवित निविदादताओं को सलाह दी जाती है कि वह नियमित रूप से ई-निविदा पोर्टल पर निगरानी रखे।

2. सक्षम प्राधिकारी द्वारा किसी भी निविदा को अस्वीकृत करने तथा निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का पूर्ण अधिकार होगा।

संजय कुमार, अधिशासी अधिकारी, न.पा.प. गोला — विजय शुक्ला, अध्यक्ष, न.पा.प. गोला

## कार्यालय नगर पंचायत खुदागंज, जनपद - शाहजहाँपुर

पत्रांक:- 32/न.पं.खुदा./2026-27 दिनांक : 04/05/2026

उत्तर प्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1916 (सं.प्र. ऐक्ट संख्या 2, 1916) की धारा 298 (2) के अधीन प्राप्त अधिकारों का प्रयोग करके नगर पंचायत, खुदागंज की बोर्ड बैठक दिनांक 30.09.2025 के प्रस्ताव सं.-4 (ग) के द्वारा अपनी सीमा के अन्तर्गत लगे विज्ञापनों का विनियमन और नियंत्रण एवं अनुज्ञप्ति शुल्क वसूली हेतु "विज्ञापन शुल्क उपविधि" बनायी है, जिससे उक्त ऐक्ट की धारा 301 (1) के अन्तर्गत आपत्तियां एवं सुझाव आमन्त्रित किये जाने के उद्देश्य से 15 दिवस के लिए प्रकाशित किया जाता है। सभी आपत्तियां एवं सुझाव अधिशासी अधिकारी को सम्बोधित इस कार्यालय को प्रेषित किये जायेगे। केवल उन्ही आपत्तियों पर विचार किया जायेगा, जो नियत तिथि तक प्राप्त होगें। निर्धारित अवधि समाप्त होने के उपरान्त प्राप्त आपत्तियों एवं सुझाव पर कोई विचार नही किया जायेगा। इस नियमावली से पूर्व यदि कोई नियमावली इससे सम्बन्धित प्रचलित है तो इस सीमा तक संशोधित या निरस्त समझी जायेगी।

**विज्ञापन शुल्क उपविधि-2026**

1. शीर्षक-यह नियमावली नगर पंचायत खुदागंज, जनपद-शाहजहाँपुर "विज्ञापन शुल्क उपविधि 2026" कहलायेगी।
2. प्रकृति-यह नियमावली उत्तर प्रदेश साधारण गजट में प्रकाशित होने के दिनांक से प्रभावी होगी।
3. परिभाषाएं-जब तक विषय या प्रसंग से कोई बात प्रतिकूल न हो, इस नियमावली में-
   (क) अधिनियम का तात्पर्य नगरपालिका अधिनियम, 1916 (सं.प्र. एक्ट संख्या 2,1916) से है।
   (ख) "अधिशासी अधिकारी" से तात्पर्य नगर पंचायत खुदागंज के अधिशासी अधिकारी से है।
   (ग) बोर्ड का तात्पर्य नगर पंचायत खुदागंज के बोर्ड से है।
   (घ) अध्यक्ष का तात्पर्य नगर पंचायत खुदागंज के अध्यक्ष/प्रशासक से है।
   (ड.) नगर पंचायत से तात्पर्य नगर पंचायत खुदागंज, जनपद-शाहजहाँपुर से है।
   (च) नगर पंचायत सीमाओं से तात्पर्य वर्तमान में निर्धारित सीमायें या भविष्य में बढ़ने से निर्धारित होकर प्रभावी होने वाली सीमा से है।
   (छ) "विज्ञापन" से तात्पर्य किसी ऐसे पत्र, पत्रांक, सूचना पोस्टर, कपड़े के बैनर, कागज के छोटे पोस्टर चिपकाने वाले, साइन बोर्ड या अन्य किसी ऐसे पक्ष से है जो विज्ञापन के लिए प्रस्तुत की गई है।
   (ज) "भवन" से तात्पर्य घर/दुकान/बाउन्ड्रीवॉल के प्रत्येक भाग, जिसमें बाहरी दीवारों का घेरा या भवन के किसी भाग से है, जिसमें विज्ञापन प्रदर्शित किया गया है।
   (झ) "विज्ञापनकर्ता" में वे सभी व्यक्ति सम्मिलित है जो विज्ञापन कार्य करने के लिए नियुक्त किये गए हों तथा फर्मो या कम्पनी के मालिक, स्वामी प्रतिनिधि, साझेदार या प्रबंधक आदि जिनके लिये विज्ञापन प्रदर्शित गया है।
4. अधिशासी अधिकारी से पूर्व में लिखित अनुज्ञा प्राप्त किये बिना कोई भी व्यक्ति नगर पंचायत की सीमा के भीतर किसी भवन, पुल, मार्ग, फुटपाथ, उपरिगामी सेतु या उससे संलग्न भूमि या वृक्ष रक्षक नगर प्राचीन बाउन्ड्रीवॉल नगर में विद्युत या टेलीफोल के खम्बे, चल वाहनों या किसी भी खुले स्थान पर कोई विज्ञापन या किसी प्रकार की सूचना या चित्र जिससे किसी समान प्रज्ञा वाले व्यक्ति विज्ञापन होने का आभास हो, न तो परिनिर्मित करेगा, न चिपकायेगा, न प्रदर्शित करेगा, न लिखेगा, न लटकायेगा, न चित्रित करेगा।
5. नगरीय सीमान्तर्गत उपरोक्त वर्णित किसी भी प्रकार के विज्ञापन हेतु निर्धारित प्रारूप पर आवेदन करना होगा तथा प्राप्त आवेदन को आदर्श उपविधि में दिये गये निर्देशानुसार गुण एवं दोष के आधार पर सही पाये जाने पर ही अनुज्ञा प्रदान किये जाने सम्बन्धी अग्रेत्तर कार्यवाही सम्पादित की जायेगी।
6. अधिशासी अधिकारी को यह अधिकार होगा कि यह अपने द्वारा किसी स्वीकृत आज्ञा को जनहित में रद्द कर दे।
7. नगर पंचायत खुदागंज की सीमा के भीतर अनाधिकृत विज्ञापन लगाने पर अधिशासी अधिकारी को यह अधिकार होगा कि वह उस व्यक्ति के ही खर्चे पर हटा दें और इस प्रकार किया गया व्यय नगर पालिका अधिनियम के अन्तर्गत उस व्यक्ति या फर्म से वसूल कर लिया जायेगा जिसके लिये या जिसका विज्ञापन करने के लिये यह लगवाया गया था। यदि विज्ञापन हटाये जाने की तिथि से एक माह के अन्दर न छुड़वाया जाये तो अधिशासी अधिकारी संबंधित लोगों को इसके लिये सूचना देकर ऐसे विज्ञापनों को नीलाम कर सकेगा।
8. इन नियमों के अन्तर्गत प्रत्येक आज्ञा के स्वीकार किये जाने पर लिखित शुल्क अग्रिम जमा करना होगा।
9. दर/शुल्कः-

| क० सं० | विज्ञापन का प्रकार | देय वार्षिक शुल्क | देय मासिक शुल्क |
|---|---|---|---|
| 1 | भूमि, दीवार और भवन, विद्युत तथा अन्य खम्भें, सार्वजनिक स्थल और सड़कों पर विज्ञापन पट (साइन बोर्ड, होर्डिंग, बैनर, साइनेज) के निर्माण और प्रदर्शन | राजकीय राजमार्ग पर रू० 500.00 प्रति वर्ग मी०/प्रति वर्ष राजकीय राजमार्ग से इतर मार्गों पर रू० 400.00 प्रति वर्ग मी०/प्रति वर्ष | राजकीय राजमार्ग पर रू० 50.00 प्रति वर्ग मी०/प्रति माह राजकीय राजमार्ग से इतर मार्गों पर रू० 40.00 प्रति वर्ग मी०/प्रति माह |
| 2 | वॉल पेन्टिंग | राजकीय राजमार्ग पर रू० 100.00 प्रति वर्ग मी०/प्रति वर्ष राजकीय राजमार्ग से इतर मार्गों पर रू० 80.00 प्रति वर्ग मी०/प्रति वर्ष | —— —— |
| 3 | शक्ति चलित तीन, चार पहिया वाहन एवं अन्य पर सचल विज्ञापन (सड़क प्रदर्शन को छोड़कर) | हल्का वाहन (आटो रक्शिा/3, 4 व्हीलर) रू० 2,500.000 प्रति वाहन/प्रति वर्ष भारी वाहन (बस आदि) रू० 10,000.00 प्रति वाहन/प्रति वर्ष | —— —— |
| 4 | ध्वनि विस्तारक यंत्र | —— | 200.00 रू० प्रति बाक्स/स्पीकर प्रतिदिन |
| 5 | एल०ई०डी० स्क्रीन | —— | प्रथम मिनट पर 25 रू० अगले मिनट प्रति हेतु 01 रू० |
| 6 | सड़क प्रदर्शन ( रोड शो) | —— | तीन पहिया- रू० 25.00 प्रतिदिन चार पहिया- रू० 250.00 प्रतिदिन छः पहिया- रू० 500.00 प्रतिदिन |
| 7 | विद्युत और इलेक्ट्रानिक युक्ति से संचालित विज्ञापन/परिवर्तनशील संदेश | रू० 600.00 प्रति वर्ग मी०/प्रति वर्ष | रू० 60.00 प्रति वर्ग मी०/प्रति माह |
| 8 | 1- पोस्टर 2- पर्चा 3- पताका 4- गुब्बारे 5- छतरी (कैनोपी) | —— | 1- रू० 150.00 प्रति सैकड़ा 2- रू० 300.00 प्रति सैकड़ा 3- रू० 50.00 प्रति सैकड़ा 4- रू० 250 प्रतिदिन 5- रू० 250 प्रतिदिन |
| 9 | एक स्तम्भ (यूनीपोल) | उपर्युक्त मद सं०-01 के अनुसार | उपर्युक्त मद सं०-01 के अनुसार |
| 10 | अन्य प्रकार के विज्ञापन (जिनका आलेख ऊपर नही है।) | उपर्युक्त मद सं०-01 के अनुसार | उपर्युक्त मद सं०-01 के अनुसार |

**नोट- निजी भूमि/भवनों पर प्रदर्शित विज्ञापानों हेतु उर्पयुक्त निर्दिक्ट दरों का 70 प्रतिशत अनुज्ञा शुल्क देय होगा।**

10 निजी भवनों पर पोस्टर/बैनर आदि चिपकाने अथवा वॉल राइटिंग के पूर्व भवन स्वामी की लिखित अनुमति आवश्यक होगी।
11. अनुज्ञा प्रदान करने की रीति- (1) सार्वजनिक नीलामी के द्वारा (2) नगर पंचायत द्वारा स्वयं।
12. यदि नगर पंचायत यह आभास करती है कि प्रदर्शित विज्ञापन नियमावली के विरुद्ध है तो नगर पंचायत उसे हटा देगी।
13. दुकानों के आगे नाम पट्टिका लगे बोर्ड एवं सामाजिक संदेश देने वाले विज्ञापन पर नियमावली लागू नहीं होगी।
14. ऐसा विज्ञापन नही लगवाया जा सकता जो मनुष्य की भावनाओं को ठेस पहुंचाता हो, दूसरे व्यक्ति के प्रति घृणा उत्पन्न करता हो या व्यक्तिगत द्वेष से प्रेरित होकर, ऐसा उत्बोधन करती हो जो विवाद उत्पन्न करता हो।
15. उपरोक्त अनुसूची में विनिर्कट कर दरें अनुवृत्ति वित्तीय वर्ष जिसमें यह नियमावली प्रदत्त होगी के 02 वर्षो की समाप्ति के बाद 10 प्रतिशत तक बढ़ी हुयी समझी जायेगी। तत्पश्चात् इसी प्रकार की वृद्धि प्रत्यके दो वित्तीय वर्ष की समाप्ति के पश्चात् प्रभावी होगी।
16. अध्यक्ष/अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत खुदागंज में यह अधिकार निहित होगा कि प्रस्तावित नियमावली से भिन्न किसी प्रकार के विज्ञापन शुल्क के सम्बन्ध में नियम सम्मत शुल्क का निर्धारण कर सकता।
17. नगर पंचायत स खुदागंज सीमान्तर्गत विज्ञापन दाता व्यक्तियों/संस्थाओं/कम्पनियों तथा नगर पंचायत के मध्य कोई विवाद उत्पन्न होता है तो अध्यक्ष/अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत खुदागजं का निर्णय दोनों पक्षों को मान्य होगा जो अन्तिम होगा।
18. नगर पंचायत/जिला प्रशासन/चुनाव आयोग या राज्य सरकार के द्वारा हटाये गये विज्ञापनों की क्षतिपूर्ति देय न होगी।
19. विद्युत या इलेक्ट्रानिक युक्ति से संचालित साइन बोर्ड पेड़ों/विद्युत पोलों/ट्रान्सफार्मर के खम्भों पर किसी भी दशा में दर्शित नही किये जायेगें। क्यिास्क पट प्रत्येक खम्भे पर दो (आगे/पीछे) से अधिक नहीं लगाये जायेंगे। दो बैनरों के बीच की दूरी 1 फुट अनिवार्य होगी तथा क्रास द रोड बैनर लगाया जाना प्रतिबन्धित है।
20. उपरोक्त शर्तो में परिवर्तन-परिवर्धन करने का अधिकार अध्यक्ष, नगर पंचायत खुदागंज में निहित होगा।
21. शासन स्तर से समय-समय पर निर्गत शासनादेश मान्य होंगे तथा नियमावली उस सीमा तक संशोधित समझी जायेगी।

**नोट**- उपरोक्त नियमों के किसी अनुच्छेद का उल्लंघन करने पर अर्थदण्ड किया जायेगा। जो रु. 1,000.00 (रुपये एक हजार मात्र) तक हो सकता है। यदि निरन्तर उल्लंघन जारी रहे तो प्रत्येक दिन के लिए जिसके बारे में सिद्ध हो जाये कि अपराधी अपराध करता चला आ रहा है। तो रु. 25.00 (रुपये पच्चीस मात्र) अर्थदण्ड प्रतिदिन उपरोक्त के अतिरिक्त किया जायेगा। अर्थदण्ड अदा न करने पर आर.सी. जारी करने का अधिकार अधिशासी अधिकारी को होगा तथा सक्षम न्यायालय में वाद दायर किया जायेगा।

अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत खुदागंज, शाहजहाँपुर — अध्यक्ष, नगर पंचायत खुदागंज, शाहजहाँपुर

अमृत विचार



## न्यूज ब्रीफ

### आईआईआईटी के छात्र ने आत्महत्या की

**नागपुर।** भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईआईटी) नागपुर के इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम के द्वितीय वर्ष के एक छात्र ने सोमवार को कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। बुटीबोरी थाने के एक अधिकारी ने बताया कि कोल्हापुर के रहने वाले श्रेयस चंद्रकांत माने (20) ने तड़के करीब 4 :30 बजे परिसर में स्थित अपने छात्रावास की छत से छलांग लगा दी। सहायक निरीक्षक नीलेश चौरे ने कहा कि वह कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम के द्वितीय वर्ष का छात्र था। आकस्मिक मृत्यु का मामला दर्ज कर लिया गया है। घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है।

### धोखाधड़ी के मामले में हिरासत में खरात

**नासिक।** शिरडी पुलिस ने सोमवार को धोखाधड़ी के एक मामले की जांच के सिलसिले में ''स्वयंभू बाबा'' अशोक खरात को हिरासत में ले लिया। एक अधिकारी ने बताया कि मामला अहिल्यानगर जिले के शिरडी में स्थित पिंपलवाड़ी के रहने वाले किसान रावसाहेब नानासाहेब गोंडकर (55) की शिकायत पर भारतीय न्याय संहिता और महाराष्ट्र साहूकारी (विनियमन) अधिनियम के तहत दर्ज किया गया था। अधिकारी ने बताया कि शिकायतकर्ता गोंडकर ने आरोप लगाया है कि अगस्त 2023 से खरात, उसकी पत्नी कल्पना खरात और तीन अन्य लोगों ने मिलकर गोंडकर से पांच करोड़ रुपये की ठगी की।

### हिमाचल में कार खाई में गिरी, चार लोगों की मौत

**नाहन।** हिमाचल प्रदेश के सिरमौर में सोमवार को एक वाहन अनियंत्रित होकर 400 फुट गहरी खाई में गिर गया जिससे एक मां और उसकी बेटी सहित कम से कम चार लोगों की मौत हो गई। यह घटना संगराह-गट्टाधार सड़क पर पियुलीलानी गांव के पास हुई। कार चालक ने अचानक वाहन पर से नियंत्रण खो दिया, जिससे वह 400 फुट गहरी खाई में जा गिरी। उन्होंने कहा कि पांच लोगों को ले जा रहा यह वाहन थीर धार से गट्टाधार जा रहा था, तभी यह हादसा हुआ, वाहन में सवार सभी लोग सिरमौर जिले के संगराह उपमंडल के निवासी थे।

### दिल्ली महापौर दफ्तर को बम की धमकी मिली

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के महापौर कार्यालय को सोमवार की सुबह बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए गहन तलाश अभियान चलाया। बयान में कहा गया है कि अज्ञात व्यक्ति से सुबह नौ बजकर 20 मिनट पर ई-मेल भेजकर धमकी दी कि अपराह्न तीन बजकर 11 मिनट पर बम विस्फोट होगा। मामले की सूचना तुरंत पुलिस को दी गई, जिसके बाद परिसर की गहन तलाशी ली गयी। किसी अप्रिय घटना की खबर नहीं है। सुरक्षाकर्मियों ने तलाशी अभियान के दौरान कार्यालय के सभी संवेदनशील क्षेत्रों की जांच की। कार्यालय को एक अप्रैल को भी इसी तरह की धमकी मिली थी। बार-बार मिल रही धमकियों को देखते हुए, महापौर कार्यालय ने दिल्ली पुलिस आयुक्त को पत्र लिखकर विस्तृत जांच और कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

### कच्छा-बनियान गिरोह के तीन सदस्य गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दक्षिण दिल्ली के सर्वोदय एनक्लेव में हाल में हुई लूट में शामिल कुख्यात ''कच्छा-बनियान'' गिरोह के तीन संदिग्ध सदस्यों को सोमवार तड़के पुलिस के साथ संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया गया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि मुठभेड़ में आरोपी निर्मल परदी उर्फ निखिल (34), अंबर उर्फ देविन (25) और सम्राट उर्फ समर उर्फ काला (30) के पैरों में गोली लगी और उन्हें एम्स ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया।

# बढ़ते तेजाब हमले चिंता का विषय सजा को बढ़ाने पर विचार करे केंद्र

## सुप्रीम कोर्ट ने एक जनहित याचिका की सुनवाई के दौरान सरकार को दिए निर्देश

**नई दिल्ली, एजेंसी**

उच्चतम न्यायालय ने बर्बर तेजाब हमलों के मामलों में चिंताजनक वृद्धि को देखते हुए सोमवार को केंद्र से ऐसे अपराधों के लिए सजा बढ़ाने पर विचार करने और बेगुनाही साबित करने का भार आरोपी पर डालने का सुझाव दिया। आपराधिक न्यायशास्त्र के तहत, जब तक कानून में अन्य प्रावधान नहीं हों, आरोपी के खिलाफ दोष साबित करने का भार अभियोजन पक्ष पर होता है।

न्यायालय ने निर्देश दिया कि उपयुक्त संशोधन होने तक, जिन लोगों को जबरन तेजाब पिलाया गया हो या जिन्हें बाहरी विकृति के बिना आंतरिक चोटें आई हों, वे दिव्यांग व्यक्तियों का अधिकार अधिनियम, 2016 के तहत तेजाब हमलों के पीड़ितों के दायरे में आएंगे।

प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने कहा कि यह स्पष्टीकरण 2016 के अधिनियम के लागू होने के समय से ही शामिल माना जाएगा। पीठ ने कहा कि यदि संबंधित मंत्रालय औपचारिक रूप से इस संशोधन को अधिसूचित करता है तो इसका स्वागत किया जाएगा।

न्यायालय ने यह आदेश तेजाब हमले की पीड़िता शाहीन मलिक द्वारा दायर जनहित याचिका की सुनवाई करते हुए पारित किया। शाहीन ने अनुरोध किया था कि ऐसे पीड़ितों को दिव्यांग व्यक्तियों की श्रेणी में रखा जाए ताकि उन्हें कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल सके। प्रधान न्यायाधीश ने सोमवार को सुनवाई के दौरान टिप्पणी की कि तेजाब हमलों के लिए निर्धारित सजा प्रभावी साबित नहीं हो रही है।



### ऐसे अपराधों से सख्ती से निपटा जाना चाहिए

प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि ऐसे अपराधों से अत्यंत सख्ती से निपटा जाना चाहिए। सुनवाई के दौरान, पीठ के समक्ष जिक्र किया गया कि जिन पीड़ितों को जबरदस्ती तेजाब पिलाया गया था, उन्हें 2016 के अधिनियम के तहत तेजाब हमले के पीड़ितों की परिभाषा में शामिल नहीं किया गया है। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने पीठ को सूचित किया कि नोडल मंत्रालय ने 2016 के कानून से जुड़ी अनुसूची में संशोधन का प्रस्ताव पहले ही दे दिया है। मामले में अगली सुनवाई दो सप्ताह बाद होगी। उन्होंने कहा कि मामलों की संख्या बढ़ गई है। बर्बर और क्रूर तेजाब हमले हुए हैं। क्या आपको नहीं लगता कि सजा और भी कड़ी होनी चाहिए? पीठ ने कहा कि 2013 से तेजाब हमलों के मामलों में चिंताजनक वृद्धि हुई है, जो गंभीर विचारणीय विषय है। उसने सुझाव दिया कि सरकार को ऐसे अपराधों के लिए सजा में पर्याप्त रूप से वृद्धि पर विचार करना चाहिए, साथ ही आरोपी पर यह साबित करने का भार भी डालना चाहिए कि वह दोषी नहीं है। पीठ ने यह भी सुझाव दिया कि ऐसे जघन्य मामलों में दोषी पाए गए लोगों की संपत्ति जब्त करके पीड़ितों को मुआवजा दिया जाए।

### सशस्त्र बल अधिकरण में रिक्त पदों पर भर्ती के लिए केंद्र से जवाब मांगा

**नई दिल्ली।** सशस्त्र बल अधिकरण में रिक्तियों पर संज्ञान लेते हुए उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को केंद्र और अन्य पक्षों से उस याचिका पर जवाब मांगा है जिसमें चयन प्रक्रिया को पूरा करने और रिक्त पदों को समयबद्ध तरीके से भरने का अनुरोध किया गया है। याचिका पर सुनवाई करने के लिए सहमति जताते हुए प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमनी से इस मामले में सहायता करने को कहा। पीठ ने याचिकाकर्ता 'आर्म्ड फोर्सेस ट्रिब्यूनल बार एसोसिएशन (रीजनल बेंच)'' की ओर से उपस्थित वकील को याचिका अटॉर्नी जनरल के कार्यालय को सौंपने का निर्देश दिया। पीठ ने मामले में सुनवाई के लिए दो सप्ताह बाद की तारीख तय की। याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि यदि रिक्त पदों को नहीं भरा गया तो सशस्त्र बल अधिकरण (एएफटी) की 11 पीठों में से वर्ष के अंत तक केवल तीन ही कार्यरत रहेंगी। याचिका में केंद्र को निर्देश देने का अनुरोध किया गया है कि वह चयन प्रक्रिया पूरी करे और एएफटी में रिक्त पदों को समयबद्ध तरीके से भरे।

## केंद्र और एम्स के खिलाफ अवमानना कार्यवाही बंद की

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने एक नाबालिग लड़की का 30-सप्ताह का गर्भ समाप्त करने से संबंधित मामले में केंद्र सरकार और अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के खिलाफ एक अवमानना कार्यवाही सोमवार को समाप्त कर दी। अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने न्यायमूर्ति बी. वी. नागरत्ना और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ को अवगत कराया कि 24 अप्रैल के आदेश का पालन कर लिया गया है। पीठ ने कहा कि हमें इस अवमानना याचिका पर आगे विचार करने का कोई कारण नहीं दिखता। इसलिए प्रतिवादियों के खिलाफ अवमानना कार्यवाही समाप्त की जाती है।

न्यायमूर्ति नागरत्ना ने मौखिक रूप से कहा कि ऐसे आदेश देना आसान नहीं होता, लेकिन न्यायालय को इन मामलों में निर्णय लेना पड़ता है। यह हमारे लिए आसान नहीं है। इसमें कोई जीतने वाला या हारने वाला नहीं है, लेकिन हमें बिना भावनाओं में आए निर्णय लेना पड़ता है। मैं आशा करती हूं कि भविष्य में ऐसी स्थिति दोबारा न आए, यानी अवांछित गर्भ समाप्त करने के लिए अदालत तक न लाना पड़े। न्यायमूर्ति ने कहा कि यदि ऐसे मामलों में एम्स गर्भसमापन की जिम्मेदारी नहीं लेता, तो महिला का जीवन खतरे में पड़ सकता है।

# डॉक्टर की मृत्यु के बाद उसके वारिस पर भी मुकदमा संभव

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- चिकित्सकीय लापरवाही पर सुप्रीम कोर्ट ने दी व्यवस्था

उच्चतम न्यायालय ने दूरगामी प्रभाव वाले एक महत्वपूर्ण फैसले में सोमवार को व्यवस्था दी कि कानून के तहत चिकित्सकीय लापरवाही के किसी भी मामले में यदि चिकित्सक की मृत्यु हो जाती है, तो उसके कानूनी वारिस के खिलाफ कार्यवाही जारी रखी जा सकती है।

न्यायमूर्ति जे. के. माहेश्वरी और न्यायमूर्ति ए. एस. चंदुरकर की पीठ ने तीन दशक से भी पुराने एक मामले में उस विधिक प्रश्न पर निर्णय दिया, जिसमें एक चिकित्सक ने शिकायतकर्ता की पत्नी का ऑपरेशन किया था, जिसके बाद उसकी दृष्टि चली गई थी। चिकित्सक और शिकायतकर्ता, दोनों की ही मौत हो चुकी है।

न्यायालय ने इसे एक विशेष मामला बताते हुए कहा कि इसमें पुराने वैधानिक प्रावधानों की व्याख्या करनी पड़ी है। हालांकि, शीर्ष अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि वह केवल लागू कानून की व्याख्या कर रही है, न कि यह तय कर रही है कि नीति सही है या उसमें बदलाव की आवश्यकता है। पीठ ने कहा कि नागरिक प्रक्रिया संहिता (सीपीसी) के आदेश 22 नियम-4 के संदर्भ में यह समझना आवश्यक है कि क्या कथित चिकित्सकीय लापरवाही के मामले में चिकित्सक की मृत्यु के बाद मुकदमा चलाने का अधिकार समाप्त हो जाता है या नहीं।

अदालत ने कहा कि मुकदमा करने का अधिकार का अर्थ कानूनी कार्यवाही के माध्यम से राहत प्राप्त करने का अधिकार है और ऐसी कार्यवाही सामान्य रूप से प्रतिवादी के खिलाफ शुरू की जाती है, जिनके पास अपना बचाव करने का समान अधिकार होता है। पीठ ने यह भी कहा कि बचाव का अधिकार और मुकदमा चलाने का अधिकार एक-दूसरे से गहराई से जुड़े होते हैं और दोनों का सह-अस्तित्व आवश्यक है, ताकि कार्यवाही आगे बढ़ सके।

पीठ ने कहा कि फिर भी, उपरोक्त चर्चा और 1986 के उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम तथा 2019 के उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम में दिए गए वैधानिक ढांचे को देखते हुए हम निष्कर्ष पर पहुंचते हैं कि कथित चिकित्सकीय लापरवाही करने वाले डॉक्टर की मृत्यु होने पर उसके कानूनी उत्तराधिकारियों को पक्षकार बनाया जा सकता है और उन्हें रिकॉर्ड में जोड़ा जा सकता है।

# सीबीआई ने वांछित भगोड़े को यूएई से प्रत्यर्पित किया

**नई दिल्ली, एजेंसी**

केन्द्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) धोखाधड़ी और जबरन वसूली के मामलों में शामिल दिल्ली पुलिस के सबसे वांछित भगोड़े अपराधी मोहम्मद नवाज़ कक्कट इस्माइल को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) से प्रत्यर्पित कर भारत ले आयी है। इस्माइल को सोमवार को हवाई मार्ग से भारत लाया गया और अब उसे दिल्ली पुलिस के हवाले कर दिया जाएगा। एक पुलिस अधिकारी ने बताया, "केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने विदेश मंत्रालय और गृह मंत्रालय के साथ समन्वय करते हुए रेड नोटिस के तहत वांछित अपराधी मोहम्मद नवाज़ कक्कट इस्माइल को यूएई से भारत लाने में सफलता हासिल की है। नवाज़ दिल्ली पुलिस द्वारा दर्ज एक मामले में वांछित था, जिसमें जबरन वसूली, धोखाधड़ी, आपराधिक गबन, जालसाजी, किसी और का रूप धारण करना और संगठित अपराध सिंडिकेट में शामिल होना जैसे विभिन्न अपराध शामिल थे।" उन्होंने बताया कि इस्माइल एक सुनियोजित जबरन वसूली रैकेट का मुख्य साजिशकर्ता था। उसने अन्य आरोपियों के साथ मिलकर आपराधिक साजिश रची और एक सरकारी अधिकारी होने का नाटक किया। सीबीआई ने दिल्ली पुलिस के अनुरोध पर इंटरपोल के माध्यम से उसके खिलाफ रेड नोटिस जारी करवाया। इसके बाद, उसकी लोकेशन का पता लगाया गया और यूएई के अधिकारियों ने उसे गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद, यूएई के अधिकारियों को उसके प्रत्यर्पण के लिए एक अनुरोध भेजा गया और आपसी समन्वय के बाद उसे भारत प्रत्यर्पित कर दिया गया।

## पूर्व अधिकारी को हेराफेरी मामले में मिली जमानत

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने जिनेवा में स्थित भारत के स्थायी मिशन से दो लाख से अधिक स्विस फ्रैंक (करीब 2 करोड़ रुपये) की हेराफेरी करके 'क्रिप्टो-गैंबलिंग' गतिविधियों में लगाने के आरोपी एक पूर्व लेखा अधिकारी को सोमवार को जमानत दे दी।

विशेष न्यायाधीश विजेता सिंह रावत आरोपी मोहित की नियमित जमानत याचिका पर सुनवाई कर रही थीं, जिसने 17 दिसंबर 2024 को जिनेवा में स्थित स्थायी मिशन में सहायक अनुभाग अधिकारी का पदभार संभाला था। अदालत ने आरोपी पर लगाये गये आरोपों का उल्लेख करते हुए कहा कि उसने यूनियन बैंक ऑफ स्विट्जरलैंड में मिशन के खाते से कथित तौर पर हेरफेर या जालसाजी की और अनधिकृत तरीके से धनराशि निकाली।

# बंगाल में भाजपा की जीत के बाद झालमुड़ी चर्चा में

- बनारस सहित कई अन्य राज्यों में झालमुड़ी बांटकर मनाया जश्न

**नई दिल्ली, एजेंसी**




पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की जीत पर झालमुड़ी के साथ उत्साहित भाजपा कार्यकर्ता।

पश्चिम बंगाल में भाजपा की शानदार जीत के साथ एकाएक झालमुड़ी फिर चर्चा में आ गई। दरअसल, चुनाव प्रचार के दौरान प्रधानमंत्री मोदी का झाड़ग्राम की एक दुकान से झालमुड़ी खरीदने का वीडियो वायरल हुआ था। तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख ममता बनर्जी के इसे नाटक कहकर आलोचना करने के बाद इस पर कई दिन राजनीति गरमाई रही थी।

पश्चिम बंगाल में भाजपा की जीत की खबर आने के बाद वाराणसी में गंगा के घाटों पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने मिठाइयों के साथ झालमुड़ी बांटकर जीत का उत्सव मनाया। दशाश्वमेध घाट समेत प्रमुख घाटों पर बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता और समर्थक, खासकर महिलाएं एकत्र हुईं। कार्यकर्ताओं ने पटाखे फोड़े, एक-दूसरे को रंग लगाया और पश्चिम बंगाल के लोकप्रिय नाश्ते 'झालमुड़ी' का वितरण किया। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में भाजपा की जीत का जश्न मनाया और इस दौरान लोगों को झालमुड़ी भी खिलाई। राजस्थान के बारां समेत कई शहरों में भी भाजपा की जीत की खुशी में झालमुड़ी का वितरण किया गया।दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने भी भाजपा की जीत का जश्न कई मंत्रियों के साथ झालमुड़ी और रसगुल्ला खाकर मनाया। उन्होंने एक वीडियो भी पोस्ट किया जिसमें वह वह कैबिनेट मंत्री प्रवेश वर्मा, आशीष सूद, कपिल मिश्रा, मंजिंदर सिंह सिरसा और रवींद्र इंद्रराज सिंह के साथ झालमुड़ी और रसगुल्ला खाती दिख रही हैं। बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने भी झालमुड़ी बांटी।

### बारिश में भी गंगा आरती..



वाराणसी में भारी बारिश हुई, गली-मोहल्ले सराबोर हो गए, कुछ देर के लिए कामकाज ठप हो गया लेकिन दशाश्वमेध घाट पर होने वाली गंगा आरती भारी बारिश के दौरान भी जारी रही।

## ट्रांसजेंडर अधिनियम पर होगी सुनवाई

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को केंद्र, सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से ट्रांसजेंडर व्यक्तियों (अधिकारों का संरक्षण) संशोधन अधिनियम, 2026 की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर जवाब मांगा। प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने याचिकाओं पर सुनवाई करने पर सहमति जताई और उन पर नोटिस जारी किया।

पीठ ने कहा कि यह मामला तीन न्यायाधीशों की पीठ के समक्ष रखा जाएगा, जिसका गठन प्रधान न्यायाधीश करेंगे। पीठ ने कहा, अंतरिम आदेश देने का कोई सवाल ही नहीं उठता। न्यायालय ने मामले की सुनवाई छह सप्ताह बाद के लिए निर्धारित की।

# आदिवासियों पर थाने की सफाई करने जैसी जमानत शर्तें अमान्य

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- सुप्रीम कोर्ट ने कहा-ऐसी शर्तों से परहेज करें सभी अदालतें

उच्चतम न्यायालय ने अनुसूचित जनजातियों के सदस्यों पर पुलिस थानों की सफाई करने जैसी अपमानजनक शर्तें लगाए जाने को लेकर सोमवार को ओडिशा की अदालतों की कड़ी आलोचना की। अदालत ने उड़ीसा उच्च न्यायालय द्वारा लगाई गई और सत्र अदालत द्वारा बरकरार रखी गई इस तरह की अपमानजनक जमानत शर्तों को अमान्य करार दिया।

प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने देश की सभी अदालतों से भविष्य में इस तरह की शर्तें लागू करने से परहेज करने का आग्रह किया। पीठ ने कहा कि ये आदेश गहरी जड़ें जमा चुकी जाति-आधारित पूर्वाग्रह को दर्शाते हैं जो जातिविहीन समाज के संवैधानिक संकल्प को कमजोर करता है। शीर्ष अदालत ने उड़ीसा उच्च न्यायालय और राज्य की जिला अदालतों द्वारा लगाये गए जमानत की शर्तों का स्वतः संज्ञान लिया था। ये शर्तें उस मामले से संबंधित थीं, जिसमें आदिवासी और दलित समुदायों के सदस्यों को एक कॉरपोरेट कंपनी द्वारा भूमि अधिग्रहण किये जाने के विरोध में प्रदर्शन करने के बाद हिरासत में लिया गया था। इन शर्तों के तहत, मुख्य रूप से दलित और आदिवासी समुदायों से संबंधित आरोपियों को कई महीनों तक पुलिस थानों की साफ-सफाई करनी पड़ती।

इन आदेशों पर निराशा और दुख व्यक्त करते हुए प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि देश की आजादी के 76 साल बाद, ऐसी शर्तें लगाई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि दुर्भाग्यवश, ओडिशा में उच्च न्यायालय और कुछ जिला अदालतें जमानत देते समय ऐसी शर्तें लगा रहे हैं जो न्यायपालिका की छवि को धूमिल करती हैं।

# राजस्थान पुलिस के जवानों को दिए जाएंगे ओआरएस के पैकेट

**जयपुर, एजेंसी**

- धूप और लू से बचाने को राज्य सरकार ने लिया निर्णय

राजस्थान में तपती धूप और लू के तीखे थपेड़ों के बीच पुलिस के जवानों को 'ओआरएस' (ओरल रिहाइड्रेशन सॉल्ट) के पांच लाख पैकेट वितरित किए जाएंगे। सरकार के एक प्रवक्ता ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इसकी शुरुआत सोमवार से की गई। इसके अनुसार पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) राजीव कुमार शर्मा के निर्देश पर राज्यभर के सभी कांस्टेबल को पांच लाख ओआरएस पैकेट वितरित किए जाएंगे ताकि ड्यूटी के दौरान ''डिहाइड्रेशन'' और लू के प्रभाव से उनकी सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। इसके अनुसार इस अभियान की कमान उप महानिरीक्षक (डीआईजी)-प्रशिक्षण शरद चौधरी संभाल रहे हैं। यह राहत सामग्री राज्य के 12 पुलिस प्रशिक्षण केंद्रों तथा राजस्थान से बाहर संचालित चार प्रशिक्षण केंद्रों तक पहुंचाई जाएगी। पुलिस महानिरीक्षक के माध्यम से हर कांस्टेबल तक इसकी उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है। योजना के तहत प्रत्येक जवान को 10-10 ओआरएस पैकेट दिए जाएंगे ताकि गर्मी में लंबी ड्यूटी के दौरान वे खुद को हाइड्रेट रख सकें।

**विवेक विहार अग्निकांड** | घटना के एक दिन बाद स्थानीय लोगों ने दी जानकारी, भीषण आग में दो परिवारों के नौ लोगों की हो गई थी मौत

# चोरी रोकने के लिए लगाई गई ग्रिल बनी लोगों की मौत का जाल

**नई दिल्ली, एजेंसी**

पूर्वी दिल्ली के विवेक विहार में भीषण आग की चपेट में आई इमारत के भीतर फंसे लोगों को बचाने के लिए पड़ोसियों ने खासी मशक्कत की थी, लेकिन चोरों को रोकने के लिए लगाई गई लोहे की ग्रिल मौत का जाल बन गई और सड़क पर खड़े वाहनों ने भी मुश्किलें पैदा कीं।

घटना के एक दिन बाद स्थानीय लोगों ने यह जानकारी दी। विवेक विहार में रविवार तड़के एक आवासीय इमारत में भीषण आग लग गई थी, जिसमें दो परिवारों के नौ लोगों की मौत हो गई जिसमें एक बच्चा भी शामिल है। अधिकारियों ने बताया कि संदेह है कि एयर-कंडीशनर में हुए धमाके के कारण यह आग लगी।

सोमवार को इलाके की संकरी गलियों में भारी सन्नाटा पसरा रहा। इलाके में शोक संतप्त परिवारों की सिसकियां और पुलिस की गाड़ियों व एम्बुलेंस के सायरन की आवाज़ें गूंज रही थी। स्थानीय लोग खामोश थे। इमारत का पिछला हिस्सा तबाही की सबसे भयानक तस्वीर पेश कर रहा था। काली पड़ी दीवारें और जली हुई बालकनी आग की भयावहता की गवाही दे रही थी। अंदर जली हुई चीज़ों के निशान और धुएं से काली पड़ी सीढ़ियां दिखाई दे रही थीं। इस दौरान फॉरेंसिक टीम और पुलिस के लोग अंदर-बाहर से घटना के बाद की स्थिति का रिकॉर्ड बना रहे थे। स्कूल से लौट रहे बच्चे वहां से गुजरते वक्त जली हुई इमारत को देख रहे थे जहां यह दुखद घटना हुई थी। स्थानीय लोगों ने बताया कि आग इतनी तेज़ गति से फैली कि संभलने का समय ही नहीं मिला। पास ही रहने वाली एक घरेलू सहायिका ने बताया कि वह सो रही थी और शोर से वह जगी। उसने कहा कि जब मैंने लोगों के चिल्लाने और सायरन की आवाज़ सुनी तो मेरी आंख खुली। जब मैं बाहर निकली, तो हर तरफ घना धुआं और अफरा-तफरी थी। चोरी के डर से यहां ज़्यादातर घरों में ग्रिल लगाई गई हैं, लेकिन आज इन्हीं ग्रिल ने लोगों को बाहर निकलने से रोक दिया। यह बहुत डरावना था। इमारत के पिछले हिस्से में लोहे की ग्रिल लगाई गई थी, जो इस इलाके में आम बात है। स्थानीय लोगों का दावा है कि इन चीज़ों ने बच निकलने के रास्ते भी बंद कर दिए। एक निवासी ने कहा कि ये ग्रिल हमारे घरों को चोरों से बचाने के लिए थीं, अगर ग्रिल न होती, तो वे बच सकते थे। एक पड़ोसी ने बताया कि किस तरह कई खामियां एक साथ आ मिलीं। उन्होंने कहा, वहां आठ फ्लैट हैं और ज़्यादातर परिवारों के पास दो-दो गाड़ियां हैं। पार्किंग और गली पहले से ही भरी हुई थीं, और ऊपर से जन्मदिन के कारण कुछ रिश्तेदार भी आए हुए थे, जिससे गाड़ियां बढ़ गईं। गार्ड भी मौजूद नहीं था।



### भयावह था वह मंजर, लगा कि नहीं बचेंगे

पास की इमारत में रहने वाले एक अन्य पड़ोसी ने बताया कि फंसे लोगों की मदद के लिए जिससे जो बन पड़ा, वह किया गया। उनकी घर की खिड़कियां गर्मी के कारण चटक गई हैं। उन्होंने कहा, हमने ज़मीन पर गद्दे फेंके ताकि लोग कूद सकें। सोचने का समय नहीं था, हम जिसे भी बचा सकते थे, बचाने का प्रयास किया। बचने वालों में 25 वर्षीय वंशिका भी शामिल हैं। उस भयानक मंज़र को याद करते हुए उन्होंने कहा, मेरी मां की आंख पहले खुली और उन्होंने हम सबको जगाया। घर धुएं से भरा था, हमें कुछ दिखाई नहीं दे रहा था।

